कार्यालय, प्राचार्य राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)

दिनांक : 08.06.2024

प्रेस समाचार

राजर्षि महाविद्यालय अलवर में स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 10.06.2024 से आरम्भ

राजर्षि महाविद्यालय, अलवर में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के प्रवेश कार्यक्रमानुसार स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 10.06.2024 से आरम्भ हो रही है।

प्राचार्य डॉ0 गोपीचन्द पालीवाल ने बताया कि राजर्षि महाविद्यालय, अलवर राजस्थान का एकमात्र स्वायत्तशाषी महाविद्यालय है जिसमें बी.एससी पास कोर्स गणित समूह व जीव विज्ञान समूह एवं बी.एससी ऑनर्स गणित व रसायनशास्त्र में प्रवेश हेतु इच्छुक प्रवेशार्थी अपनी SSO ID के माध्यम से एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। प्रवेशार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन सबमिट करने से पूर्व एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लेवें। प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 19.06.2024 है।

प्राचार्य
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर